Regarding deaths due to electric lines

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : महोदया, आपने मुझे एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात रखने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ ।

महोदया, इस सदन के पक्ष, विपक्ष के हर व्यक्ति, सदन के हर चुने हुए माननीय सदस्य के क्षेत्र की यह समस्या है । मैं आपके माध्यम से इस विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ ।

महोदया, आबादी क्षेत्र के ऊपर से जा रही एचटी और एलटी लाइंस के कारण, अगर मैं कहूँ तो यह गलत नहीं होगा कि किसी भी आपदा, जंग या महामारी से भी अधिक मौतें डेली होती हैं । ये एनसीआरबी के आंकड़े हैं, पिछले 10 वर्षों में वर्ष 2011 से लेकर वर्ष 2020 तक लगभग एक लाख लोगों की मौत हुई है । 12,500 से अधिक मौत वर्ष 2022 में हुई हैं । मेरे क्षेत्र बिजनौर लोक सभा के कुलचाना गाँव में और बरसात के सीजन में हर जगह इलेक्ट्रिक लाइंस की वजह से मौतों का आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है ।

मेरा इतना ही कहना है कि जागरूकता और प्रीकॉशन, चाहे लाइंस को इंसुलेटिंग करना, रबड़िंग करना, उनकी हाइट एक्सटेंड करना आदि हैं । राज्य सरकारों के पास भी उनको चेंज करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है । अगर इस विषय पर सदन का संरक्षण मिलेगा और उसके लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद होगा । आपने मुझे बात रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।